संक्षिप्त

अर्पित जैन रोबोड्राईव चैलेंज में लेगे भाग

निवाई, (निसं)। जापान के योकोहामा में आयोजित हो रहे रोबोड्राईव चैलेंज में भाग लेने और रोबोड्राईव पुरस्कार समारोह में तकनीकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए अर्पित जैन को आमंत्रित किया गया है। अर्पित जैन ने बताया कि रोबोड्राईव पुरस्कार समारोह का आयोजन 15 मई को योकोहामा जापान में किया जाएगा। समारोह में उन्हें आमंत्रित किया गया है।

अर्पित जैन

कन्यादान के 51 हजार रुपए भेंट किए

पीपलू, (निसं)। उपखंड क्षेत्र के निमेडा पंचायत निवासी रमेश धातरवाल ने डिग्गी में आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन में कन्यादान के लिए 51 हजार रुपए भेंट किए है। विवाह सम्मेलन समिति के रामधन जाट ने बताया कि 10 मई को आखातीज पर डिग्गी में जाट समाज का 21वां सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित होगा। जिसको लेकर लगातार समाजबंधुओं से जनसंपर्क कर इसे सफल बनाए जाने का आव्हान किया जा रहा है।

रमेश धातरवाल

शिविर में 27 लोग लाभान्वित

श्रीमाधोपुर, (निसं)। लायंस क्लब श्रीमाधोपुर द्वारा प्रत्येक माह के अंतिम दिवस पर आयोजित किए जाने वाले नि:शुल्क बीपी, शुगर जांच एवं परामर्श शिविर की श्रृंखला में 30 अप्रैल मंगलवार को आयोजित शिविर में 27 लोगों का नि:शुल्क जांच की गई तथा डॉ महेंद्र प्रताप तिवारी द्वारा नि:शुल्क परामर्श दिया। क्लब के अध्यक्ष सीताराम सैनी ने बताया कि जांच में शिवपाल योगी, महेंद्र शर्मा और जितेंद्र शर्मा ने सहयोग दिया। इस मौके पर क्लब के वीडीजी लायन सुधीर वाजपेयी, लायन सी एम शर्मा, सागरमल हलवाई, बजरंग लाल कुमावत और रामावतार वर्मा आदि मौजूद रहे।

जंगल में लगी आग, दमकलों से पाया काबू

टोंक, (निसं)। पीपलू उपखण्ड के सोहेला गांव के जंगल में दूसरे दिन भी भीषण आग लग गई। सोहेला वन नाका प्रभारी मुकेश चौधरी ने बताया की रविवार दोपहर वन क्षेत्र के आडा पहाड क्षेत्र में अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। वहीं सोमवार को भी कारोला क्षेत्र में आग लग गई, जिसकी सूचना क्षेत्रीय वन अधिकारी को दीं गई, जहां मौके पर गार्ड आशीष जाट, भंवरलाल, अग्निशमन विभाग के कर्मचारी देवनारायण, राकेश मीणा व ग्रामीणों की मदद से दो दमकलों से आग पर काबू पाया।

निशानदेही से बाइक बरामद की

टोंक, (निसं)। वृत्ताधिकारी रामसिंह पुलिस देवली के सुपरविजन में थानाधिकारी सरवर खां थाना दूनी के द्वारा वांछित आरोपी सचिन पुत्र रामकिशन जाति गुर्जर 20 वर्ष निवासी कालाकाकरा थाना दूनी को प्रोडक्शन वारण्ट पर जिला कारागृह टोंक से प्राप्त कर बाद अनुसंधान गिरफ्तार कर आरोपी के निशानदेही से चोरी की गई एक मोटरसाईकिल बरामद की गयी है। प्रकरण में शामिल मोटरसाईकिल चोरियों में सहयोग करने वाले अन्य वाहन चोर की तलाश जारी है।

प्रायोगिक प्रशिक्षण आज से

कोटपूतली, (निसं)। स्थानीय राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविधालय में बीएससी द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के जिन स्वयंपाठी परीक्षार्थियों ने भौतिक शास्त्र विषय का चयन किया है। उन विधार्थियों के लिये महाविधालय में बुधवार एक मई से प्रायोगिक अभ्यास कार्य हेतु प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसके अभाव में परीक्षार्थियों को राजस्थान विश्वविधालय प्रायोगिक परीक्षा 2024 में सम्मिलित नहीं किया जायेगा। जिसके लिये परीक्षार्थी स्वयं जिम्मेदार होगा।

पुराने रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों में विवाद, वृद्ध की मौत

लालसोट, (निसं)। थाना क्षेत्र के रघुनाथपुरा ग्राम में मंगलवार को पुराने रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों में उपजे विवाद के बाद एक बुजुर्ग की मौत हो गई। वही बुजुर्ग की मौत को लेकर मृतक के पुत्र द्वारा उसके पिता का गला दबाकर मारने का आरोप लगाते हुए लालसोट थाने में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

पुलिस उपाधीक्षक उदय सिंह मीणा ने बताया कि मृतक पक्ष एवं दूसरे पक्ष में आपस में कई दिनों से एक रास्ते को लेकर पुराना विवाद चल रहा था। इसी दौरान मृतक बुजुर्ग रामगोपाल मीणा का पुत्र मुनिराज मीना ट्रैक्टर लेकर वहा रास्ते से होकर गुजर रहा था। इसी दौरान दूसरे पक्ष के एक व्यक्ति द्वारा जब तक उसका रास्ता बंद है तब तक किसी को भी गुजरने नहीं देने के लिए कहते हुए झगडे पर उतारू हो गया। आपसी कहासुनी के बाद मामला इतना बिगड गया कि दोनों पक्षों के लोग मौके पर एकत्र हो गए। इसी पुराने रास्ते के विवाद को लेकर दोनों पक्ष झगड रहे थे। इस दौरान राम गोपाल मीणा की मौत हो गई। वृद्ध की मौत होने पर उसके पुत्र द्वारा खुद के पिता की गला दबा कर हत्या करने का आरोप लगाया गया। मृतक बुजुर्ग के बेटे ने लालसोट थाने में नामजद हत्या का मामला दर्ज कराया है। मृतक रामगोपाल मीणा के बेटे मुनिराज मीणा ने लालसोट थाने में हत्या का मुकदमा दर्ज करवाते हुए बताया कि सोमवार रात करीब 10 बजे खटवा गांव से ईंट खाली करके अपने ट्रैक्टर ट्राली से वापस अपने घर आ रहा था। घर के सामने आते ही रास्ते में प्यारेलाल मीणा और उसका बेटा मनमोहन मीणा ने ट्रैक्टर रोक लिया और गाली गलौज करने लग गए। जब वे ट्रैक्टर के आग लगाने लगे तो जोर-जोर से शोर मचाया जिस पर मुनिराज के परिवार के लोग आ गए। मुनिराज के भाई और पिता उसे बचाने के लिए वहां पहुंचे। जहां प्यारेलाल और मनमोहन ने बुजुर्ग राम गोपाल को पकड कर जमीन पर पटक दिया और उसका गला दबा दिया जिससे बुर्जुग की मौत हो गई। बुजुर्ग की मौत को लेकर मामला गरमा गया एवं मृतक के परिजनों द्वारा पुलिस को शव का पोस्टमार्टम करवाने के लिए मना कर दिया और कहा कि जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी पुलिस नहीं कर लेते तब तक पोस्टमार्टम नहीं होगा। वही मौके पर पहुंचे डीएसपी उदय सिंह मीणा व सीआई हवा सिंह यादव ने ग्रामीण व परिजनों से समझाइश की। मामले में पुलिस ने एक आरोपी प्यारेलाल मीणा को डिटेन किया गया। इसके बाद परिजनों की सहमति पर मेडिकल बोर्ड से शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द किया गया।

बुजुर्ग की मौत के बाद मोर्चरी में पोस्टमार्टम पर पैदा हुए गतिरोध को लेकर डीएसपी उदय सिंह मीणा व सीआई हवा सिंह यादव ने समझाइश की।

- मृतक के पुत्र ने पिता का गला दबाकर मारने का आरोप लगाया

पक्षियों के लिए बांधे परिण्डे

निवाई, (निसं)। जैन सोशल ग्रुप प्रज्ञा के तत्वावधान में ग्रीष्मकाल के चलते जीव दया हेतु एवं पक्षियों के पानी के लिए पार्श्वनाथ उद्यान जैन नसिंया मंदिर के आस-पास परिण्डे वितरण करके परिण्डे बांधे।

आदिमति माताजी के सांतवा समाधि दिवस के उपलक्ष्य में पार्श्वनाथ उधान निवाई में पक्षियों के लिए सात परिण्डे लगाए गए। जिसमें जैन सोशल ग्रुप प्रज्ञा के पदाधिकारियों ने पक्षियों के लिए लगाये परिण्डे में प्रतिदिन पानी डालने का संकल्प लिया। इस दौरान आर्यिका श्रुतमति व सुबोध मति माताजी ने पदाधिकारियों को आशीर्वाद प्रदान किया।

इस अवसर पर अध्यक्ष महावीरप्रसाद पराणा, सचिव विमल जौंला, महावीरप्रसाद छाबडा, कोषाध्यक्ष हितेश छाबडा, विमल सोगानी, राकेश संघी, दिनेश चंवरिया, पवन सांवलिया, त्रिलोक रजवास, मुकेश बनेठा, ताराचंद गोयल, राजेन्द्र सेदरिया, सुनील चेनपुरा, शकुंतला छाबडा, सुनीता बडागांव, यामिनी छाबडा, हेमा बनेठा व अनिता गोयल सहित कई पदाधिकारीगण मौजूद थे।

व्यापारियों से हुई मारपीट मामले में चार मुख्य आरोपी गिरफ्तार

कोटपूतली, (निसं)। विगत 25 अप्रैल की शाम करीब 8 बजे कस्बे के आजाद चौक स्थित लम्बा बाजार के एम.यु. कलैक्शन पर व्यापारी अशोक शर्मा व जितेन्द्र शर्मा से मारपीट के मामले में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए वारदात को अन्जाम देने वाले चार मुख्य अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुये बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधिक्षक वंदिता राणा ने त्वरित व निश्पक्ष अनुशंधान करने तथा वांछित अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी करने हेतू निर्देशित किया था। जिसकी पालना में एएसपी नेमसिंह के निर्देशन व डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक के सुपर विजन में थाना प्रभारी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। जिसमें एएसआई श्याम सुन्दर शर्मा, हैड कानी. समशेर सिंह, धर्मपाल, कानी. जितेन्द्र , रामानन्द व विरेन्द्र को शामिल किया गया। उक्त पुलिस ने टीम ने तकनिकी सहायता एंव आसूचना संकलन कर आरोपीयों को गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की।

गौरतलब है कि इस संबंध में जितेन्द्र शर्मा ने प्रकरण दर्ज करवाया था कि 25 अप्रैल की रात्रि को करीब 8 बजे दुकान में स्टॉफ सहित कार्य कर रहे थे। तभी बलबीर पुत्र बबरी गुर्जर निवासी वार्ड 30 मौहल्ला बडाबास, हीरालाल पुत्र पुरणमल गुर्जर निवासी वार्ड 23 मौहल्ला बडाबास, हेमराज पुत्र लीलाराम गुर्जर निवासी वार्ड 28 मौहल्ला बडाबास, सुनील पुत्र बिजेन्द्र गुर्जर निवासी वार्ड नं. 18 मौहल्ला बडाबास व कल्लू सहित अन्य साथियों ने दुकान पर सामान खरीदने के रूपयों की बात को लेकर कहासुनी करने लगे। साथ ही सामान के रूपये देने से मना कर हप्ताह वसूली की मांग करते हुये गाली गलौच व ऐलानियां धमकी देते हुये दुकान में घुसकर मारपीट की। इस पर पुलिस ने अनुसंधान शुरू किया। साथ ही घटना के मुख्य चार अभियुक्त बलबीर (25) पुत्र बबरी गुर्जर, हेमराज (24) पुत्र लीलाराम गुर्जर, हीरालाल (29) पुत्र पूरणमल गुर्जर व सुनील (25) पुत्र विजेन्द्र गुर्जर समस्त निवासी मौहल्ला बडाबास को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्तों से घटनाक्रम में अनुसंधान किया जा रहा है।

पुलिस अभियुक्तों से घटनाक्रम में अनुसंधान कर रही है।

- 25 अप्रेल की रात्रि को आरोपियों ने मुख्य बाजार में की थी मारपीट

अवरुद्ध नालों से अधिकारी सख्ती से अतिक्रमण हटवाए : कलेक्टर

खैरथल, (निसं)। जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में मंगलवार को कलक्ट्रेट में जिला स्तरीय अधिकारियों की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुरेंद्र यादव, जलदाय, समाज कल्याण, शिक्षा, सार्वजनिक निर्माण, विद्युत सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक के दौरान जिला कलेक्टर शुक्ला ने सम्भावित मौसमी बीमारियों की रोकथाम, सार्वजनिक आवश्यक सेवाओं की सूचारू रूप से आपूर्ति, कानून व्यवस्था, विभागीय योजना, पेयजल आपूर्ति, समीक्षा बैठकों की अनुपालना रिपोर्ट, सीएमओ, संपर्क पोर्टल एवं जनसुनवाई में प्राप्त परिवादों के निस्तारण आदि की वर्तमान स्थिति एवं प्रगति की विभागवार समीक्षा की। प्रत्येक विभाग की समीक्षा कर जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को किशनगढ़बास व मुंडावर में प्राकृतिक जलाशय को चिन्हित कर उनके कैचमेंट एरिया से अतिक्रमण हटाने व अवरुद्ध नालों की सफाई कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसी के साथ पालनहार योजना के लाभ से वंचित रहे विद्यार्थियों को योजना का लाभ दिलाने हेतु निर्देशित किया है। जिला कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से मौसमी बीमारियों की चर्चा करते हुए समय-समय पर अवरुद्ध गंदे नालों एवं इकट्ठे पानी में दवाइयों का छिड़काव करने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पतालों में स्टाफ व उपकरणों की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस दौरान कलेक्टर ने नगर परिषद आयुक्त खैरथल को शहरी क्षेत्र में सफाई व्यवस्था की विभाग के सभी स्तरों पर नियमित रूप से प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए आयुक्त को आगामी माह से शहर के हर घर से कचरा लेने व इसके साइंटिफिक निस्तारण प्रणाली को अपनाई जाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सेप्टिक टैंक क्लीनिंग एवं एफएसटीसी के सुचारू संचालन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

न्यायिक अधिकारियों के स्थानांतरण हुए

कोटपूतली, (निसं)। स्थानीय अपर जिला एवं सत्र न्यायालय में विभिन्न न्यायालयों के न्यायिक अधिकारियों का स्थानान्तरण किया गया है। अभिभाषक संघ अध्यक्ष एड. दयाराम गुर्जर ने बताया कि राजस्थान हा कोर्ट, जोधपुर के रजिस्ट्रार जनरल प्रमिल कुमार माथुर ने एडीजे क्रम सं. 1 में भारत भूषण शर्मा के स्थान पर सर्मथ लाल मीणा को नया एडीजे लगाया है। इसी प्रकार एडीजे क्रम सं. 3 रेणुका सिंह हुड्डा का स्थानान्तरण सीकर किया गया है।

झिलाय रोड से हटवाए अस्थाई अक्रिमण, सड़क हुई चौड़ी

निवाई, (निसं)। यातायात नियमों की अवेहलना करने वालों व सडकों पर बेतरतीब तरीके से वाहन पार्क करने, रेहडी खडी करके मार्ग बाधित करने वालों के खिलाफ पुलिस ने मंगलवार को विशेष अभियान चलाया गया।

इस दौरान डीएसपी मृत्युंजय मिश्रा के निर्देशन व थानाधिकारी हरिराम वर्मा के नेतृत्व में झिलाय रोड पर लगने वाले फल सब्जी के ठेलों को व्यवस्थित लगवाया गया साथ ही उन्हें सडक पर वापस ठेले नहीं लगाने की हिदायत दी। डीएसपी मिश्रा ने चेतावनी देते हुए कहा कि उल्लंघन करने पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही पुलिस प्रशासन ने सभी दुकानदारों को दुकानों के बाहर सामान नहीं रखने के निर्देश दिए। सडक पर से ठेलों को पीछे लगवाने व दुकानदारों का सामान हटवाने के बाद सडक मार्ग चौडा नजर आने लगा और जाम भी नहीं लगा। डीएसपी मृत्युंजय मिश्रा ने निर्देश दिए कि यातायात नियमों की पालना के प्रति गंभीर रहें और अनदेखी नहीं करें। साथ में सडकों पर अतिक्रमण को बढावा नहीं देवें। उन्होंने नियमों की पालना के प्रति दुकानदारों, रेहडी वालों, फुटकर विक्रेताओं व वाहन चालकों को जागरूक किया। उन्होंने चेताया कि पुलिस की ओर से लगातार अभियान चलाया जाएगा। बता दें कि झिलाय रोड शहर का अति व्यस्ततम मार्ग है। इस सडक मार्ग पर कृषि मंडी, फल सब्जी मंडी, औद्योगिक क्षेत्र एवं करीब एक दर्जन कॉलोनियां स्थित हैं। इस मार्ग से बौली, सवाईमाधोपुर, गंगापुर, करौली सहित अनेक शहरों के लिए बसों व भारी वाहनों का आवागमन रहता है। इस सडक मार्ग पर फल-सब्जी के ठेले बेतरतीब ढंग से लगे रहते हैं जिससे दिन में अनेक बार जाम लग जाता है।

- डीएसपी के निर्देशन में चलाया अभियान, सड़क पर वापस ठेला लगाने पर होगी कार्यवाही

पावटा के वार्ड 15 में हो रही गंदे पानी की सप्लाई, आमजन परेशान

पावटा, (निसं)। कस्बे में नलों में गंदे पानी की हो रही सप्लाई को लेकर मंगलवार को ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन कर समस्या के समाधान को लेकर जलदाय विभाग को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान ग्रामीणों ने शुद्ध पेयजल की सप्लाई करने की मांग की।

विरोध कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि कस्बे के वार्ड नंबर 15 में पिछले काफी समय से पेयजल की समस्या बनी हुई है। जलदाय विभाग की ओर से की जाने वाली पेयजल की सप्लाई में नलों में गंदा व बदबूदार पानी की सप्लाई की जा रही है। नलों में गंदा पानी आने को लेकर ग्रामीणों की ओर से जलदाय विभाग के अधिकारियों को अवगत भी करवाया जा चुका है लेकिन जलदाय विभाग के अधिकारियों की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाने से ग्रामीणों को पेयजल की समस्या का सामना करना पड रहा है। उन्होंने बताया कि कस्बे में विभाग की ओर से पेयजल की सप्लाई की जाती है। इस दौरान नलों में गंदा व बदबूदार पानी सप्लाई हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कई दिनों से यह समस्या बनी हुई है, जिसको लेकर ग्रामीणों की ओर से बार-बार अवगत करवाए जाने के बाद भी विभाग गहरी नींद में सोया हुआ है। कस्बे में आए दिन हो रहे गंदे पानी की सप्लाई के चलते मौसमी बीमारियां फैलने का भी भय बना हुआ है। वार्ड पार्षद संजय सेन, मुकलेश शर्मा, अनिल सेन, निरंजन लाल, अनु लाटा, जगदीश शर्मा, राधेश्याम सहित ग्रामीणों ने नाई मोहल्ले, जोशियो के मोहल्ले, मोदी मंदिर के पास निरंतर हो रही गंदे पानी की सप्लाई के संबंध में समस्या के समाधान को लेकर ज्ञापन सौप दुरुस्त करवाए जाने की मांग की है। इस संबंध में जलदाय विभाग के जेईएन दयाराम चौधरी ने बताया कि यदि इसके बाद भी पेयजल सप्लाई में गंदा पानी आता है तो लाइन को दुरुस्त करवाया जाएगा।

ग्रामीणों ने शुद्ध पेयजल की सप्लाई करने की मांग की।

- वार्डवासियों ने समस्या के समाधान को लेकर सौंपा ज्ञापन

प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान

फुलेरा, (निसं)। कस्बे की बालाजी बाईपास सडक स्थित माध्यमिक आदर्श विद्या मन्दिर परिसर में वर्ष 2024 की वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। वही विद्यार्थियों का सम्मान समारोह भी आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्ति रेलवे बोर्ड बोदूराम वर्मा, प्रबन्ध समिति अध्यक्ष दिनेश चन्द शर्मा, व्यवस्थापक रामेश्वर लाल कुमावत, बाबूलाल बडीवाल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार कुमावत के द्वारा की गई। प्रारंभ में मां शारदे की छायाचित्र के समक्ष माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद अतिथियों को माला व दुप्पटा पहनकर स्वागत किया गया। इसके बाद सभी कक्षाओं का अध्यापकों द्वारा परीक्षा परिणाम सुनाया गया। श्रेष्ठ अंक प्राने विद्यार्थियों को अंक-तालिका एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य गणेश लाल, आरती देवी, मुन्नी देवी, सुगनी देवी, किरण देवी, तारा देवी, निर्मला देवी सहित अभिभावक एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

सार-समाचार

अव्वल विद्यार्थियों को पारितोषिक दिए

सांभरझील, (निसं)। पढ़ाई में होनहार छात्र-छात्राओं को शिक्षण संस्थान आदर्श विद्या मंदिर में स्कूल प्रबंधन की ओर से पारितोषिक वितरण किए गए। संस्कार केंद्र प्रमुख के डॉ. ओमप्रकाश दायमा की मौजूदगी में प्रधानाचार्य भगवान सहाय ने कक्षा 1 से 9 तक का परिणाम घोषित किया। इसके अंतर्गत कक्षा एक से नवमी तक प्रथम व द्वितीय स्थान पर आने वाले छात्र-छात्राओं को पारितोषिक दिया गया। श्रेष्ठ अनुशासन हेतु छात्रा अंतिमा, योगराज सैनी, परी जांगिड को व श्रेष्ठ कक्षानायक हेतु खुशी, शैलेश कुमावत, रिंकू अध्याणा को तथा सर्वाधिक उपस्थिति हेतु गरिमा जांगिड, शैलेश कुमावत निशांत नेमीवाल को पारितोषिक दिया गया। इस दौरान विद्यार्थियों की ओर से विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम में जिला संगीत प्रमुख नारायण मीणा, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष शरद भटनागर की ओर से मां भारती व शारदा के चित्रों के सम्मुख दीप प्रज्वलित किया। इस दौरान स्कूल स्टाफ व अभिभावकों की मौजूदगी भी रही।

हितेश अध्यक्ष व राजेंद्र वर्मा महामंत्री बने

खाटूश्यामजी, (निसं)। खाटूश्यामजी नगर पालिका कर्मचारी संघ का गठन सोमवार को किया गया। राजस्थान कर्मचारी फैडरेशन के तत्वाधान में पालिका कर्मचारियों का सर्वसम्मति से कर्मचारी संघ का गठन किया गया। सर्वसम्मति से हितेश बैरवा अध्यक्ष, तेजपाल चौधरी उपाध्यक्ष, राजेंद्र कुमार वर्मा महामंत्री, दिनेश सैनी सचिव, विजयपाल सिंह कोषाध्यक्ष, शिवराज सिंह कार्यालय मंत्री, जयपाल सिंह खोखर संयुक्त सचिव बनाया गया। इसके साथ ही वीरेंद्र सिंह चंदेलिया व संदीप पारीक संरक्षक, आशुतोष शर्मा को कर्मचारी संगठन का मार्गदर्शक बनाया गया। भविष्य में कर्मचारी फैडरेशन के तत्वाधान में समस्याओं को लेकर मंथन करेंगे और कर्मचारियों के हित में कार्य करेंगे। सभी पदाधिकारियों का माला पहनाकर स्वागत व सम्मान किया गया।

राजनौता पीएचसी का निरीक्षण

पावटा, (निसं)। तहसीलदार पावटा प्रवीण सैनी ने मंगलवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राजनौता का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चिकित्सकों के उपस्थिति रजिस्टर, दवा वितरण, जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता और रखरखाव का मुआयना किया। वही निरीक्षण के दौरान ओपीडी, वार्डो, लेबर रूम, और परिसर की जांच की गयी, अस्पताल स्टाफ से मरीजों को दी जाने वाले सुविधाओं और अस्पताल मे अन्य व्यवस्थाओं पर जानकारी प्राप्त की व साथ ही वार्डो में उपस्थित मरीजों से भी जांचों और इलाज के संबध में फीडबैक लिया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में नियमित साफ सफाई करने, संस्थागत प्रसव में बढोतरी करने, नियमित पर्यवेक्षण और अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वही ग्राम राजनौता प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर का पद रिक्त होना बताया गया।

ट्रैक्टर से गिरने पर युवक की मौत

टोंक, (निसं)। उनियारा उपखण्ड के सोप क्षेत्र में ट्रेक्टर से गिरने से एक युवक की मौत हो गई। सोप थाना प्रभारी राजेश तिवाडी ने बताया की उन्हें टेलीफोन से सूचना मिली की 30 अप्रेल को सुबह 8.45 बजे करवाडिया की झोपडिया के पास एक एक्सीडेंट हो गया। इस पर सहायक उपनिरीक्षक सुखलाल मय जाप्ते के घटना स्थल पर पहुंचे। जहाँ उन्हे जानकारी मिली की महावीर उर्फ कमलेश पुत्र जगदीश प्रजापत ट्रेक्टर से लिफ्ट लेकर शोप की तरफ जा रहा था, जो की जम्प में गिरकर चोटिल हो गया, जिसे परिवारजनों द्वारा सवाई माधोपुर जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहाँ उसकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। शव का पोस्ट मार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक तंत्रिका तंत्र सम्बंधित बीमारी मिर्गी से भी ग्रसित बताया जा रहा हैं, जिस पर अनुसंधान जारी है।

युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

दौसा, (निसं)। जिले के सैंथल थाना क्षेत्र के बीनावाला गांव में बीती रात एक युवक द्वारा कमरे में फांसी के फंदे पर लटक कर जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। थानाधिकारी घासी राम मीणा ने बताया कि बीनावाला गांव में युवक राहुल मीणा ने घर में ही फांसी का फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। परिजनों को पता चलने के बाद पुलिस को सूचना दी गई। जिसके बाद शव को कमरे में फंदे से उतारकर अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने बताया कि देर रात्रि को युवक के सुसाइड की वजह क्या रही, यह तो जांच के बाद ही साफ हो पाएगा लेकिन फिलहाल पुलिस प्रथम दृष्ट्या आत्महत्या की वजह गृह क्लेश मान रही है। पुलिस सुसाइड के कारणों की जांच में जुट गई है। मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

पक्षियों के लिए परिंडे व चुग्गा पात्र लगाए

श्रीमाधोपुर, (निसं)। श्रीमाधोपुर परिसर में महाकाल सेवा समिति के सौजन्य से पक्षियों के लिए परिंडे व चुग्गा दाना पात्र लगाएं गये। गर्मी के बढते प्रभाव में पक्षियों के लिए महाकाल सेवा समिति श्रीमाधोपुर के नेतृत्व में राजू बागवान, मुकेश स्वामी, अजय नागलका, कैलाश सैनी हलवाई, तपेंद्र कुमार शर्मा, लालचंद सैनी, हरिश जीनगर के सहयोग से पक्षियों के लिए 21 परिंडे दाना एवं पानी पात्र एसबीएन ग्रुप ऑफ एजुकेशन के निदेशक डॉ. मुकेश कुमार एवं सचिव प्रदीप धायल, एसबीएन स्कूल प्रधानाचार्य सागर मल चौधरी, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एसके जाट तथा एनसीसी कैडेट्स की उपस्थिति में महाविद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में परिंदे दाना पात्र लगायें गये है।

लक्ष्मीनारायण की पुण्यतिथि मनाई

श्रीमाधोपुर, (निसं)। आदिवासी मीणा धर्मशाला श्रीमाधोपुर में स्वतंत्रता सेनानी ओर समाज सुधारक स्व: लक्ष्मीनारायण झरवाल की पुण्यतिथी पर मीणा समाज श्रीमाधोपुर के द्वारा श्रदांजलि सभा का कार्यक्रम रखा गया। झरवाल साहब के छायाचित्र पर धूप अगरबती करके पुष्पाजंलि दी गई व समाज में उनके योगदान के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में समाज के गणमान्य व्यक्ति जगदीश प्रसाद मीणा (पार्षद), अशोक कुमार मीणा, विमल कुमार पबडी, संतोष मीणा, जितेंद्र मीणा, गौतम मीणा, जितेंद्र झरवाल, महेश, राजेश, उत्तम प्रकाश, बीरबल जी, गुड्डू, रतन झरवाल, शेर सिंह , मुकेश, मनीष, मक्खन लाल, रूपराज, भावेश, सुनिल, राहुल, मोनू, खुशी, महेश गुरूजी, महेंद्र आदि समाज के व्यक्ति उपस्थित रहे।

सिंगल उपयोग प्लास्टिक पर कार्यशाला

कोटपूतली, (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम कंवरपुरा स्थित कृषि महाविधालय में एनएसएस द्वारा सिंगल उपयोग प्लास्टिक पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। एनएसएस प्रभारी डॉ. विष्णु शंकर मीणा के मुताबिक छात्रों को एकल उपयोग प्लास्टिक का उपयोग न करने की शपथ दिलाई गई। डॉ. डी के बैरवा ने सिंगल यूज प्लास्टिक को सडक पर नहीं फेंकने की सलाह दी, क्योंकि इसको खाने से पशुओं की मृत्यु हो जाती है। कॉलेज के डीन डॉ.सुरेन्द्र सिंह ने सिंगल यूज प्लास्टिक के विभिन्न उत्पादों जैसै पॉलीथीन, प्लास्टिक कप, पानी की बोतलें आदि का उपयोग नहीं करने की सलाह दी। देश में सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर सरकार द्वारा 12 अगस्त 2021 को प्रतिबंध लगा दिया गया था। डॉ. सुरेन्द्र कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान डॉ. पार्वती दीवान, डॉ. सुशीला ऐचरा, डॉ. नीरज मीणा, डॉ. ओमेश कुमार, कुन्दन मीणा, दीपक सैनी, विजय सिंह यादव, अजय व अंकित सहित बडी संख्या में लोग मौजूद रहे।